1. निम्न चक्रवातों में से किसने भारत को प्रभावित नहीं किया था?
(a) अबला (b) नरगिस
(c) थाणे (d) नीलम

2. तेन्दुलकर समिति ने भारत में गरीबी रेखा के नीचे की जनसंख्या का निम्न में से कौन-सा अनुपात आकलित किया?
(a) 27.2 (b) 37.2
(c) 22.7 (d) 32.7

3. 2001 की जनगणना के अनुसार, भारत के किस केन्द्र शासित प्रान्त में साक्षरता दर अधिकतम थी?
(a) दिल्ली (b) चण्डीगढ़
(c) लक्षद्वीप (d) पाण्डिचेरी

4. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये—

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. सर्व शिक्षा अभियान | 1. 1987 |
| B. साक्षरता भारत मिशन | 2. 1988 |
| C. ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड | 3. 2001 |
| D. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन | 4. 2009 |

| कूट : | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

5. यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेन्ट प्रोग्राम की 1990 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार निम्न में से कौन-सा एक, मानव विकास सूचकांक की गणना में सम्मिलित नहीं है?
(a) प्रति व्यक्ति आय (b) नगरीकरण
(c) साक्षरता (d) जीवन प्रत्याशा

6. निम्न में से कौन-सा एक, वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया की सफलता में बाधक है?
(a) निम्न आय (b) निरक्षरता
(c) बैंक शाखाओं का अभाव
(d) ये सभी

7. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का वर्ष 2012 तक गरीबी अनुपात को कितने प्रतिशत घटाने का लक्ष्य है?
(a) 2% (b) 2.5%
(c) 10% (d) 15%

8. भारत में जनांककीय इतिहास में महाविभाजन का वर्ष है—
(a) 1921 (b) 1947
(c) 1951 (d) 1982

9. निम्नांकित में से कौन एक न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं है?
(a) ग्रामीण जलापूर्ति
(b) सामाजिक वानिकी
(c) प्राथमिक शिक्षा
(d) नगरों की मलिन बस्तियों का सुधार

10. निम्न में से किस एक का सम्बन्ध पर्यावरणीय सुरक्षा से नहीं है?
(a) धारणीय विकास
(b) गरीबी कम करना
(c) वातानुकूलन
(d) कागज के थैलों का प्रयोग

11. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन किस पंचवर्षीय योजना में शुरू किया गया?
(a) छठी (b) नौवीं
(c) दसवीं (d) ग्यारहवीं

12. विकास का भारतीय मॉडल किसके हितों की सुरक्षा करता है?
(a) व्यक्ति
(b) राज्य
(c) व्यक्ति और राज्य दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

13. आम आदमी बीमा योजना (एएबीवाई) को प्रारम्भ किया गया—
(a) 15 मार्च, 2009 को
(b) 15 जनवरी, 2008 को
(c) 15 अगस्त, 2007 को
(d) 2 अक्टूबर, 2007 को

14. स्थायी विकास किसके उपयोग के सन्दर्भ में अन्तर-पीढ़ीगत संवेदनशीलता की घटना है?
(a) प्राकृतिक संसाधनों के
(b) भौतिक संसाधनों के
(c) औद्योगिक संसाधनों के
(d) सामाजिक संसाधनों के

15. विकास के मानवीय पक्ष पर निम्नलिखित से किस एक ने सबसे पहले ध्यान केन्द्रित किया?
(a) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(b) समन्वित ग्रामीण विकास योजना
(c) विश्व विकास प्रतिवेदन
(d) सामुदायिक विकास योजना

16. भारतीय हीरा संस्थान कहाँ स्थापित है?
(a) नई दिल्ली (b) सूरत
(c) मुम्बई (d) जयपुर

17. निम्नलिखित जनजातियों में से कौन-सी केरल में पायी जाती है?
(a) चेंचू (b) लेपचा
(c) डफला (d) डाफर

18. मेघालय का पठार भाग है—
(a) हिमालय श्रेणी का
(b) प्रायद्वीपीय खण्ड का
(c) पूर्वी घाट पर्वतों का
(d) सतपुड़ा श्रेणी का

19. पेट्रो-रसायन के उत्पादन का सबसे बड़ा केन्द्र कहाँ पर स्थित है?
(a) जामनगर (b) अंकलेश्वर
(c) नूनमाटी (d) ट्रॉम्बे

20. यदि जन्म एवं मृत्यु दर समान हैं तथा अन्तः या बाह्य प्रव्रजन नहीं होता है तो जनसंख्या में कोई परिवर्तन नहीं होता है। इसे कहा जाता है—
(a) स्थिर जनसंख्या
(b) शून्य जनसंख्या वृद्धि
(c) गत्यात्मक जनसंख्या
(d) जनसंख्या की स्थिरता



HOPE IAS